नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) और (ख) ये परियोजनाएं एयरबस 320 के परिचालनों के लिये वाराणसी में हवाई अड्डे का उन्नयन करने और वाराणसी तथा कानपुर में उपस्कर अवतरण प्रणाली स्थापित करने से संबंधित है।

भोपाल हवाई अड्डे पर भूमि का अंतरित किया जाना

1787. **श्री कैलाश नारायण सारंग** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण के भोपाल विमान-तल पर स्थित हेंगर तथा निकटवर्ती भूमि को मध्य प्रदेश सरकार को अंतरित किए जाने का उस राज्य सरकार का कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो भूमि अंतरित करने संबंधी आदेश कब तक जारी कर दिया जाएगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) जी, हां।

(ख) भोपाल हवाई अड्डे के विकास के लिये राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण को कितनी भूमि की आवश्यकता होगी, इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। भूमि के हस्तांतरण के बारे में निर्णय लेना तभी संभव होगा जब इस प्रकार के आकलन को पक्का रूप दिया जाएगा।

Incidents of Bird Hits

1788. SHRI RAM NARESH YADAV: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) what is the number of incidents of bird hit that took place during the last 3 years and the current year; and

(b) what steps have been taken by Government to prevent such mishaps?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a)

1989	1990	1991	1992
138	138	127	6 (till January)

(b) Government have formulated various schemes to prevent the bird hit incidents which are implemented by the Task Forces at major civil aerodromes and by the Airfield Environmental Management Committees at other civil airports.

Losses due to Strike by Pilots of Indian Airlines

1789. DR. BAPU KALDATE: SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the airlines pilots are characterised as workmen under the Industrial Disputes Act;

(b) if so, whether in view of the experience gained with the frequent strikes by the Airlines pilots resulting in huge losses to the Exchequer Government propose to consider the question of redefining their role; and

(c) if so, the steps taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) A National Industrial Tribunal has been constituted by the Government on 7.12.90. One of the terms of reference before the Tribunal is to determine the categories of employees in Air India and Indian Airlines who should be treated as workmen. The proceedings of the Tribunal are in progress.

कतिपय मार्गों का पर्यटन मार्गों के रूप में विकसित किया जाना

1790. **श्री अजीत जोगी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने "भारत भ्रमण वर्ष" के संदर्भ में कुछ मार्गों को पर्यटन मार्गों के रूप में विकसित किए जाने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है तथा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ये मार्ग किन-किन क्षेत्रों में हैं;

(ग) क्या इन मार्गों में खजुराहो को भी सम्मिलित किया गया है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया): (क) जी, हां।

(ख) उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के राज्यों को कवर करने वाले स्थापित/विस्तार परिपथों के ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं। (नीचे **देखिए**)

(ग) जी, हां,

(घ) प्रश्न नहीं उठता।